NT>

Title: Demand to reduce the increased prices of Urea and other essential commodities.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बहुत ही महत्वपूर्ण पब्लिक ईशू पर ले जाना चाहता हूं। हाल ही में जरूरी चीजों की कीमतों में जो वृद्धि हुई है, उससे आम लोगों में बहुत चिन्ता है और गरीब वर्ग बहुत पीड़ित हुआ है। कुछ चीजों की कीमतें तो घटाई गई हैं लेकिन उससे काम नहीं चलता। मैं समझता हूं कि यूरिया की कीमतें जो बढ़ी हैं, उससे किसान वर्ग बहुत पीड़ित हुआ है। कृषि के क्षेत्र में पहले ही खड़ोत आ गई है, स्टैगनेशन है, पर एकड़ यील्ड कम हुई है। पिछली बार बारिश से बहुत ज्यादा फसलें खराब हुई लेकिन सरकार की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिला। किसान पहले ही खुदकुशी कर रहे हैं, अब यूरिया के दाम बढ़ाने से कृषि के क्षेत्र में बहुत ज्यादा नुकसान होगा जिससे पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य विशेष रूप से पीड़ित होंगे। पिछली बार माननीय वित्त मंत्री जी ने यूरिया के दामों में जो वृद्धि की थी, वह वापिस ले ली थी। इस हाउस ने कहा, हम भी मिले थे, उन्होंने हमारी बात मान ली थी। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि यूरिया और दूसरी जरूरी चीजों के दामों में जो वृद्धि की गई है, उसे वापिस लिया जाए।